प्रधान मंत्री आदर्श ग्राम योजना
(पीएमएजीवाई)

केंद्र प्रायोजित योजना

दिशा-निर्देश

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग
भारत सरकार
अक्तूबर, 2018

प्रधान मंत्री आदर्श ग्राम योजना संबंधी केंद्रीय प्रायोजित स्कीम

विषय-वस्तु

क्र.सं.	विषय	पृष्ठ सं.
1.	पृष्ठभूमि	
2.	'आदर्श ग्राम' का विजन	
3.	योजना के उद्देश्य	
4.	निगरानी योग्य संकेतक	
5.	दृष्टिकोण और कार्यनीति	
6.	योजना के संघटक	
7.	ग्राम विकास योजना (वीडीपी) की तैयारी	
8.	राज्यों और गांवों का चयन	
9.	वित्त-पोषण	
10.	निधियों का प्रवाह	
11.	तकनीकी संसाधन सहायता	
12.	प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण	
13.	जागरुकता सृजन और प्रचार	
14.	केंद्रीय और राज्य स्तर पर सलाहकार समितियां	
15.	केंद्रीय और राज्य स्तर पर छानबीन एवं निगरानी समितियां	
16.	राज्य, जिला और ग्राम स्तर पर पीएमएजीवाई अभिसरण समितियां	
17.	विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रम निदेशक	
18.	समय-सीमा	
19.	निगरानी तंत्र, प्रगति रिपोर्टों का प्रस्तुतीकरण, निगरानी, प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस), मूल्यांकन एवं सामाजिक लेखा-परीक्षा	
20.	सर्वोकृष्ट निष्पादनकारी गांव को राज्य और राष्ट्र स्तरीय पुरस्कार	

प्रधान मंत्री आदर्श ग्राम योजना संबंधी केंद्रीय प्रायोजित स्कीम

अनुबंधों की सूची

अनुबंध सं.	विवरण	पृष्ठ सं.
I	अनुसूचित जातियों के लिए संवैधानिक प्रावधान	
II	अनुसूचित जातियों के लिए कल्याणार्थ सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की योजनाओं की सूची	
III	विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले अनुसूचित जातियों के लिए संगत अन्य मंत्रालयों के महत्वपूर्ण कार्यक्रम	
IV	समग्र जनसंख्या की तुलना में अनुसूचित जातियों का विकास स्तर	
V	कुल जनसंख्या में अनुसूचित जातियों का राज्य-वार भाग	
VI	50% से अधिक और 40% से अधिक अनुसूचित जाति जनसंख्या वाले जिलों और ग्रामों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या	
VII	केन्द्रीय तथा राज्य सलाहकार समितियों की संरचना	
VIII	केन्द्रीय तथा राज्य संचालन-सह-मानीटरिंग समिति की संरचना	
IX	राज्य, जिला और ग्राम स्तरीय पीएमएजीवाई अभिसरण समितियों की संरचना	
X	ग्राम संबंधी आवश्यकताओं के मूल्यांकन, अवसंरचनात्मक, व्यक्तिगत तथा अन्य अंतरों की पहचान, ग्राम विकास योजना (वीडीपी) तैयार करने एवं निगरानी के लिए प्रपत्र (प्रपत्र । से VIII)	

प्रधान मंत्री आदर्श ग्राम योजना (पीएमएजीवाई) संबंधी केंद्रीय प्रायोगिक स्कीम

दिशा-निर्देश

1. पृष्ठभूमि

1.1 2011 की जनगणना के अनुसार, अनुसूचित जातियों की जनसंख्या हमारी कुल जनसंख्या का 16.6% है, जो बहुत लंबे समय से सामाजिक एवं शैक्षिक निर्योग्यता का शिकार रही हैं जिसके कारण वे आर्थिक रूप से भी पिछड़ गई हैं। तद्नुसार, उनके हितों की रक्षा करने और उनका उत्थान करने के लिए संविधान में विशेष प्रावधान किए गए हैं। इन प्रावधानों में उनके सामाजिक उत्थान में आड़े आने वाली सभी कुरीतियों एवं बाधाओं को दूर करने के अनेक उपाय किए गए हैं ताकि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उन्हें समान अवसर प्रदान करना सुनिश्चित किया जा सके तथा उन्हें शेष जनसंख्या के समकक्ष लाया जा सके।

1.2 भारतीय संविधान की प्रस्तावना में उल्लिखित सर्वप्रथम उद्देश्य, "सभी भारतीय नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय" प्रदान करना है। संविधान के भाग IV ("राज्य के नीति निर्देशक तत्व") में राज्य को लोगों के कमजोर वर्गों, विशेषत: अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों के शैक्षिक और आर्थिक हितों का विशेष ध्यान रखते हुए उनका विकास करने का निर्देश दिया गया है। इसी भाग के अनुच्छेद 38(2) में लोगों की आय में असमानताओं को न्यूनतम करने और उनकी हैसियत में असमानताओं समाप्त करने का प्रयास करने का निर्देश दिया गया है और यह असमानता न केवल व्यक्तियों के बीच कम करनी है या समाप्त करनी है बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में रह रहे लोगों के समूहों या विभिन्न व्यवसायों में संलग्न लोगों के बीच भी करनी है। अनुसूचित जातियों के लिए संविधान में उल्लिखित विशेष सुरक्षोपायों की सूची **अनुबंध-I** में दी गई है।

1.3 अत: सरकार ने अनुसूचित जातियों के विकास हेतु कई पहल कार्य किए हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम मिले हैं और अनुसूचित जातियों और शेष जनसंख्या के बीच का अंतर भी कम हुआ है। इन पहल कार्यों में से एक महत्वपूर्ण कार्य यह है कि क्रमश: अनुसूचित जातियों के कल्याण के लिए आबंटन (एडब्ल्यूएससी) और अनुसूचित जाति उप-योजना (एससीएसपी) के रूप में केंद्रीय और राज्य स्तर पर अनुसूचित जातियों के कल्याण हेतु बजट निर्धारित किया गया है। इसके अलावा, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय अनुसूचित जातियों के शैक्षिक, आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए आशयित योजनाओं का कार्यान्वयन कर रहा है, जिनकी सूची **अनुबंध-II** में दी गई है। सरकार के अन्य कई कार्यक्रम हैं जो अनुसूचित जातियों के लिए विशेष तौर पर प्रासंगिक हैं, हालांकि उन योजनाओं में सभी समूह कवर होते हैं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय से भिन्न केंद्र सरकार के ऐसे कुछेक कार्यक्रमों को संक्षेप में **अनुबंध-III** में दिया गया है जो अनुसूचित जातियों के लिए विशेष रूप से प्रासंगिक हैं।

1.4 तथापि, अनुसूचित जातियों को सामान्य जनता के बराबर लाने का उद्देश्य अभी बहुत दूर है और उसे प्राप्त किया जाना है, क्योंकि इन योजनाओं के कार्यान्वयन में अभिसरण की कमी है। अनुसूचित

जातियों और कुल जनसंख्या के बीच अंतर को सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक विकास संबंधी संकेतकों और बुनियादी सुविधाओं से मापा जाता है, जिनका उल्लेख **अनुबंध-IV** में किया गया है।

1.5 इसके अतिरिक्त, अनुसूचित जातियों की अधिकांश कल्याणकारी योजनाएं मुख्यत: अनुसूचित जाति बहुल स्थानों के एकीकृत विकास की बजाए व्यैक्तिक लाभार्थियों पर केंद्रित रही हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार, अनुसूचित जातियों की जनसंख्या 20.14 करोड़ है, जोकि कुल जनसंख्या का 16.6% बनता है, जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है। अनुसूचित जाति जनसंख्या का सबसे अधिक अनुपात पंजाब में है। **अनुबंध-V** में अनुसूचित जाति जनसंख्या का राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार प्रतिशत घटते क्रम में दिया गया है। 2011 की जनगणना के अनुसार, 46,844 गांवों में 50% से अधिक अनुसूचित जाति जनसंख्या है। ऐसे अनुसूचित जाति बहुल गांवों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार संख्या **अनुबंध-VI** में दी गई है।

1.6 क्षेत्रीय दृष्टिकोण अपनाने के लिए, 6.7.2009 को वित्त मंत्री द्वारा दिए गए उनके भाषण में घोषित प्रधान मंत्री आदर्श ग्राम योजना (पीएमएजीवाई) नामक एक नई योजना 2009-10 के दौरान एक प्रायोगिक आधार पर शुरू की गई थी। इस योजना का उद्देश्य उन गांवों का एकीकृत विकास करना है जिनमें अनुसूचित जातियों की जनसंख्या 50% से अधिक है। इस प्रायोगिक चरण के लिए तमिलनाडु (225), राजस्थान (225), बिहार (225), हिमाचल प्रदेश (225) और असम (100) के कुल 1000 गांवों को चुना गया था।

1.7 2014-15 के दौरान, पीएमएजीवाई योजना को 11 राज्यों के अन्य 1500 गांवों तक विस्तारित किया गया था, जिनके नाम इस प्रकार हैं: आंध्र प्रदेश (7), असम (75), छत्तीसगढ़ (175), झारखंड (100), हरियाणा (12), कर्नाटक (201), मध्य प्रदेश (327), ओडिशा (175), पंजाब (162), तेलंगाना (6) और उत्तर प्रदेश (260)।

2. 'आदर्श ग्राम' का विजन

'आदर्श ग्राम' एक ऐसी संकल्पना है जिसमें लोगों को विभिन्न बुनियादी सेवाएं देने की परिकल्पना की गई है ताकि समाज के सभी वर्गों की न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति हो और असमानताएं कम से कम रहें। इन गांवों में वह सब ऐसी अवसंरचना होगी और इसके निवासियों को ऐसी सभी बुनियादी सेवाओं की सुविधा मिलेगी जो एक सम्मानजनक जीवन जीने के लिए आवश्यक हो, ताकि प्रत्येक व्यक्ति को एक ऐसा वातावरण मिल सके ताकि वह अपनी संभाव्यताओं का पूरा उपयोग कर सके।

3. योजना के उद्देश्य

3.1 इस योजना का उद्देश्य 50% से अधिक अनुसूचित जाति जनसंख्या वाले चुनिंदा गांवों का एकीकृत विकास सुनिश्चित करना है, ताकि, अन्य बातों के साथ-साथ, निम्नलिखित की व्यवस्था की जा सके :

(क) <u>पर्याप्त अवसंरचना</u>:

इस योजना के अंतर्गत सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए आवश्यक सभी अपेक्षित अवसंरचना की व्यवस्था करने की जरूरत है।

(ख) <u>सामाजिक-आर्थिक संकेतकों में सुधार</u>

निगरानी योग्य संकेतकों के रूप में ज्ञात पहचानशुदा सामाजिक-आर्थिक संकेतकों में सुधार किया जाना है, ताकि अनुसूचित जाति और गैर-अनुसूचित जाति जनसंख्या में असमानता समाप्त की जा सके और संकेतकों का स्तर कम से कम राष्ट्रीय औसत तक बढ़ाया जाए। विशेष तौर पर, गरीबी रेखा से नीचे के सभी अनुसूचित जाति के परिवारों को भोजन एवं जीवन यापन की सुरक्षा मिलनी चाहिए, अनुसूचित जाति के सभी बच्चे माध्यमिक स्तर तक अपनी शिक्षा पूरी करें, मातृत्व एवं शिशु मृत्यु दर के सभी कारणों का समाधान किया जाना चाहिए और कुपोषण, विशेषत: बच्चों एवं महिलाओं के संदर्भ में, की घटनाओं को समाप्त किया जाना चाहिए।

3.2 **विभिन्न कार्यक्षेत्रों के लिए 50 निगरानी योग्य संकेतकों के विवरणों की सूची आगामी पैरे में सूचीबद्ध हैं। इस प्रकार, निगरानी योग्य संकेतक निम्नलिखित 10 कार्यक्षेत्रों से संबंधित हैं** :

- **i) पेयजल और स्वच्छता**
- **ii) शिक्षा**
- **iii) स्वास्थ्य और पोषण**
- **iv) समाज सुरक्षा**
- **v) ग्रामीण सड़कें और आवास**
- **vi) विद्युत और स्वच्छ इंधन**
- **vii) कृषि पद्धतियां आदि**
- **viii) वित्तीय समावेशन**
- **ix) डिजीटलीकरण**
- **x) जीवन-यापन और कौशल विकास**

4. निगरानी योग्य संकेतक

4.1 **इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य, 10 विभिन्न कार्यक्षेत्रों के अंतर्गत निम्नलिखित 50 निगरानी योग्य संकेतकों में सुधार करना है :**

क्र.सं.	कार्यक्षेत्र/निगरानी योग्य संकेतकों के ब्यौरे	बेंचमार्क	अंक प्रणाली
1.	**पेयजल और स्वच्छता**		
1.1	क्या गांवों को कवर करने के लिए पर्याप्त पेयजल संसाधन उपलब्ध हैं? (हां/नहीं)	हां=100% नहीं=0%	2 0
1.2	स्वच्छ पेयजल प्रदत्त परिवारों का %	>75%	2

		50-75% <50%	1 0
1.3	अलग-अलग परिवार शौचालय (आईएचएचएल) वाले परिवारों का %	100% <100%	2 0
1.4	क्या गांवों में सभी स्कूलों और आंगनवाड़ियों में शौचालय हैं? (हां/नहीं)	हां=100% नहीं=0%	2 0
1.5	क्या गांवों में लोग अभी भी खुले में शौच करते हैं? (हां/नहीं)	हां=0% नहीं=100%	0 2
1.6	सभी आंतरिक सड़कों के साथ जुड़ी नालियों का %	>75% 50-75% <50%	2 1 0
1.7	मौजूदा कार्यरत नालियों का %	>75% 50-75% <50%	2 1 0
1.8	ठोस एवं तरल अपशिष्ट का प्रभावशाली ढंग से निपटान करने का %	>75% 50-75% <50%	2 1 0
2.	**शिक्षा**		
2.1	प्राथमिक स्कूलों में जाने वाले बालक और बालिकाओं (6-10 वर्ष) दोनों का %	100% <100%	2 0
2.2	मिडिल स्कूलों में जाने वाले बालक और बालिकाओं (11-13 वर्ष) दोनों का %	100% <100%	2 0
2.3	माध्यमिक स्कूलों में जाने वाले दोनों बालक और बालिकाओं (14-15 वर्ष) दोनों का %	100% <100%	2 0
2.4	उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में जाने वाले बालक और बालिकाओं (16-17 वर्ष) दोनों का %	100% <100%	2 0
2.5	उच्चतर माध्यमिकोत्तर शिक्षा प्राप्त कर रहे बालक और बालिकाओं (18-23 वर्ष) दोनों का %	100% <100%	2 0
2.6	मैट्रिकपूर्व छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले एससी छात्रों का प्रतिशत (स्कूल जाने वाले तथा पात्र छात्रों में से)	100% <100%	2 0
2.7	मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले एससी छात्रों का प्रतिशत (मैट्रिकोत्तर शिक्षा प्राप्त कर रहे और पात्र छात्रों में से)	100% <100%	2 0
3.	**स्वास्थ्य और पोषण**		
3.1	किसी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत शामिल पात्र परिवारों का प्रतिशत	100% <100%	2 0
3.2	क्या कॉल करने पर आपातकालीन एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध है? (हां/नहीं)	हां=100% नहीं=0%	2 0

3.3	गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत जो गंभीर रूप से अरक्त है	0% >0%	2 0
3.4	पिछले एक वर्ष के दौरान गांव में संस्थागत प्रसूतियों का प्रतिशत	100% <100%	2 0
3.5	पिछले एक वर्ष के दौरान जन्मे कम वजन के नवजात बच्चों का प्रतिशत	0% >0%	2 0
3.6	बच्चों (< 1 वर्ष) के पूर्ण टीकाकरण का प्रतिशत	100% <100%	2 0
3.7	गांवों में कम वजन वाले बच्चों (0-5 वर्ष) का प्रतिशत	0% >0%	2 0
3.8	पिछले एक वर्ष के दौरान कितनी गर्भवती महिलाओं की मृत्यु हुई?	शून्य	2
3.9	पिछले एक वर्ष के दौरान कितने बच्चों (< 1 वर्ष) की मृत्यु हुई?	शून्य	2
3.10	प्रोटोकॉल के अनुसार उपचार प्राप्त कर रहे संक्रामक बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों का प्रतिशत	100% <100%	2 0
3.11	क्या सभी आंगनवाड़ियों का निर्माण कर लिया गया है? (हां/नहीं)	हां=100% नहीं=0%	2 0
4.	**समाज सुरक्षा**		
4.1	विधवा पेंशन प्राप्त पात्र महिलाओं का प्रतिशत	हां=100% नहीं=0%	2 0
4.2	वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त पात्र व्यक्तियों का प्रतिशत	हां=100% नहीं=0%	2 0
4.3	दिव्यांग पेंशन प्राप्त पात्र व्यक्तियों का प्रतिशत	हां=100% नहीं=0%	2 0
5.	**ग्रामीण सड़कें और आवास**		
5.1	क्या गांव को पक्की सड़कों के साथ जोड़ा गया है? (हां/नहीं)	हां=100% नहीं=0%	2 0
5.2	आंतरिक सड़कों का प्रतिशत जिन पर सीसी/ब्रिक टॉप/पक्की/टाइलें लगाई गई हैं	>75% 50-75% <50%	2 1 0
5.3	कच्चे/असुरक्षित घरों में रहने वाले परिवारों का प्रतिशत	हां=100% नहीं=0%	
6.	**बिजली और स्वच्छ ईंधन**		
6.1	क्या गांव में बिजली मौजूद है? (हां/नहीं)	हां=100% नहीं=0%	2 0
6.2	परिवारों का प्रतिशत जिन्हें बिजली के कनेक्शन दिए गए हैं।	>75%	2

		50-75% <50%	1 0
6.3	परिवारों का प्रतिशत जो कम से कम एक एलईडी बल्ब का इस्तेमाल कर रहे हैं	>75% 50-75% <50%	2 1 0
6.4	परिवारों का प्रतिशत जिन्हें गैस कनेक्शन दिए गए हैं	>75% 50-75% <50%	2 1 0
6.5	आंतरिक सड़कों का प्रतिशत जिन पर स्ट्रीट लाइट की सुविधा उपलब्ध है	>75% 50-75% <50%	2 1 0
7.	**कृषि संबंधी पद्धतियां आदि**		
7.1	पात्र किसानों का प्रतिशत जिन्हें सॉयल हेल्थ कार्ड प्रदान किए गए हैं	>75% 50-75% <50%	2 1 0
7.2	अपनाई गई जैविक खेती पद्धति की सीमा (प्रतिशत में)	>75% 50-75% <50%	2 1 0
7.3	जल संग्रहण क्षेत्र प्रबंधन पद्धति अपनाए जाने की सीमा	>75% 50-75% <50%	2 1 0
8.	**वित्तीय अंतर्वेशन**		
8.1	गांवों में रहने वाले लोगों (>5 वर्ष) का प्रतिशत जिनके पास आधार पहचान पत्र हैं	100% <100%	2 0
8.2	बैंकों/डाकघरों में खाते रखने वाले परिवारों का प्रतिशत	>75% 50-75% <50%	2 1 0
8.3	प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों का प्रतिशत	>75% 50-75% <50%	2 1 0
8.4	प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत शामिल पात्र व्यक्तियों का प्रतिशत	>75% 50-75% <50%	2 1 0
9.	**डिजिटलीकरण**		
9.1	क्या गांव को इंटरनेट के साथ जोड़ा गया है? (हां/नहीं)	हां=100% नहीं=0%	2 0

9.2	क्या गांव में कॉमन सर्विस सेंटर या साइबर कैफे की सुविधा उपलब्ध है? (हां/नहीं)	हां=100% नहीं=0%	2 0
9.3	पात्र व्यक्तियों का प्रतिशत जो डिजटली शिक्षित हैं	>75% 50-75% <50%	2 1 0
10.	**आजीविका और कौशल विकास**		
10.1	कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पात्र युवकों का प्रतिशत	>75% 50-75% <50%	2 1 0
10.2	पात्र युवकों का प्रतिशत जो बैंक से ऋण प्राप्त कर सके हैं	>75% 50-75% <50%	2 1 0
10.3	उन परिवारों का प्रतिशत जिनसे कम से कम एक सदस्य किसी स्व-सहायता समूह (एसएचजी) का सदस्य है	>75% 50-75% <50%	2 1 0
अधिकतम अंक			**100**

4.2 इन निगरानी योग्य संकेतकों को बेस लाइन आंकड़े एकत्र करते समय, की गई प्रगति पर निगरानी रखते समय और चयनित गांवों को "आदर्श ग्राम" के रूप में घोषित करते समय ध्यान में रखा जाएगा। 2 अंक प्राप्त करने की दृष्टि से प्रत्येक निगरानी योग्य संकेतक के बेंचमार्क से ऊपर होने की आशा की जाती है। अतः कोई भी गांव अधिकतम 100 अंक प्राप्त कर सकता है।

5. दृष्टिकोण और कार्यनीति

5.1 चयनित गांव का समेकित विकास केंद्र और राज्य सरकारों की मौजूदा योजनाओं को अभिसरण ढंग से करते हुए कार्यान्वित करके हासिल किया जाएगा जिसके परिणामस्वरूप गुणवत्ता वाली सेवाएं तथा अवसंरचनात्मक विकास मुहैया कराया जाएगा। गांव की विशेष आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए केंद्र/राज्य सरकार की मौजूदा योजनाओं या राज्य सरकारों से बराबर अनुदान प्राप्त करके कम से कम तीन से चार गुना "अंतर-पाटन" निधि का अभिसरण करके अंतर-पाटन वित्त पोषण किया जाएगा।

5.2 सामान्य तौर पर कार्यक्रम के एक चरण के दौरान कुछेक एससी बहुसंख्यक गांवों को समेकित विकास हेतु लिया जाएगा अर्थात प्रायोगिक चरण में 1000 गांवों को वित्त पोषण के लिए और पहले चरण में 1500 गांवों को पीएमएजीवाई के अंतर्गत चुना गया था। प्रत्येक चरण की अवधि दो वर्ष होगी, लेकिन किसी गांव का एक बार चयन करने के बाद उसमें सामाजिक - आर्थिक संकेतकों में सुधार लाने के लिए अगले तीन वर्षों तक किए जाने वाले सतत प्रयासों पर निगरानी रखी जाएगी। अतः पीएमएजीवाई के अंतर्गत निधियां जारी करते समय उन्हें पहले चरण की दो वर्ष की अवधि के भीतर उपयोग में लाया जाएगा, निगरानी योग्य संकेतकों की कुल पांच वर्ष की अवधि के लिए पुनरीक्षा की जाएगी।

5.3 हालांकि किसी विशेष चरण के अंतर्गत चुना गया कोई गांव यदि विकास के एक स्तर को प्राप्त कर लेता है, तब भी उससे यह अपेक्षा की जाएगी कि उसमें और अधिक सुधार हो और उन गांवों को एक से अधिक बार वित्त पोषण प्राप्त करने के लिए योजना के अनुवर्ती चरणों में पुनः शामिल किया जा सकता है।

5.4 चूंकि समेकित विकास के लिए अभिसरण अनिवार्य है, अतः पीएमएजीवाई को कार्यान्वित करने के लिए गांव, जिला और राज्य स्तर पर अभिसरण समितियां गठित की जाएंगी।

6. योजना के संघटकः अतः इस योजना के निम्नलिखित दो घटक होंगेः-

6.1 योजनाओं का अभिसरणः योजनाओं का अभिसरण करके पर्याप्त अवसंरचना प्रदान करने और सामाजिक-आर्थिक संकेतकों में सुधार लाने के दोहरे उद्देश्यों को हासिल किया जा सकेगा। बेसलाइन डाटा की तुलना में निगरानी योग्य संकेतकों से उत्पन्न चयनित गांवों का विकास संबंधी घाटा, केंद्र तथा राज्य सरकारों की मौजूदा विभिन्न योजनाओं के बीच अभिसरण का एक आधार बनेगा। योजनाओं की एक संकेतक सूची जिसकी अवसंरचना और सामाजिक-आर्थिक कार्यक्रमों के विकास के लिए अभिसरण किए जाने की आवश्यकता है, **अनुबंध-II एवं अनुबंध-III** में दी गई है।

6.2 "अंतर-पाटन": चयनित गांव की विशेष रूप से अभिज्ञात विकास संबंधी आवश्यकताएं जिन्हें केंद्र और राज्य सरकारों की मौजूदा किसी भी योजना के अंतर्गत पूरा नहीं किया जा सका है, को इस योजना के अंतर्गत "अंतर-पाटन" निधि से पूरा किया जाएगा। केवल अनावर्ती स्वरूप के कार्यकलापों को अंतर-पाटन घटक के माध्यम से वित्त पोषित किया जाएगा। निम्न प्रयोजनों के लिए एक संकेतक सूची जिसके लिए "अंतर-पाटन" घटक के अंतर्गत निधियों का उपयोग करने का प्रावधान किया गया है, नीचे दी गई हैः-

1. पेयजल तथा स्वच्छता अवसंरचनात्मक विकास
2. ठोस तथा द्रव्य अवशिष्ट पदार्थ निपटान सुविधाओं की स्थापना
3. स्कूलों और आंगनवाड़ियों में शौचालयों का निर्माण और बड़ा मरम्मत कार्य
4. आंगनवाड़ियों का निर्माण
5. हर किस्म के मौसम के अनुकूल सड़कों का निर्माण
6. सोलर लाइट और स्ट्रीट लाइट लगाना

7. गांव विकास योजना (वीडीपी) की तैयारी:

7.1 वीडीपी का उद्देश्य चुने हुए गांव का आदर्श ग्राम के रूप में लगभग पांच वर्ष की समय-सीमा में विकास करने के लिए एक व्यापक, वास्तविक और व्यावहारिक रूप-रेखा तैयार करना है। वीडीपी को तैयार करने के लिए शुरुआती बिंदु किसी पूरे गांव के लिए और सभी परिवारों और व्यक्तियों के लिए तथा उन परिवारों के लिए जिनका सर्वेक्षण किया जाना है, की महत्वपूर्ण विकास संबंधी आवश्यकताओं का आकलन करना है।

7.2 आवश्यकता आधारित आकलन प्रपत्र I, II, III-क और III-ख में दर्शाया जाएगा। जबकि प्रपत्र I में गांव से संबंधित आंकड़े दर्शाए जाएंगे और प्रपत्र II में गांव स्तरीय अवसंरचनात्मक आवश्यकताओं को दर्शाया जाएगा, प्रपत्र III-क में परिवार/व्यक्तियों से संबंधित आवश्यकताओं को दर्शाया जाएगा। प्रपत्र III-ख, प्रपत्र III-क का समेकित रूप होगा। अतः इसमें गांव के स्तर पर परिवार/व्यक्तियों की आवश्यकताओं को दर्शाया जाएगा। इस प्रकार प्रपत्र II और प्रपत्र III में कुल-मिलाकर पैरा 4 में सूचीबद्ध प्रत्येक निगरानी योग्य संकेतक के बारे में सूचना दी जाएगी। प्रपत्र II और प्रपत्र III-ख में भी कुल-मिलाकर प्रत्येक निगरानी योग्य संकेतक के लिए अवसंरचनात्मक और परिवार/व्यक्तियों की आवश्यकताओं (अंतर) को पूरा करने के लिए प्रस्तावित कार्य योजना को दर्शाया जाएगा।

7.3 गांव विकास योजना (वीडीपी) को प्रपत्र IV, V और VI के अनुसार तैयार किया जाएगा। प्रपत्र IV और V में प्रपत्र II और प्रपत्र III-ख में पहले से शामिल की गई कार्य योजनाओं के बारे में समेकित सूचना होगी और इस प्रकार वीडीपी में क्रमशः अवसंरचनात्मक और परिवार/व्यक्तियों की आवश्यकताओं से संबंधित सूचना को दर्शाया जाएगा। प्रापत्र IV और V आवश्यकताएं पूरी करने के लिए माह में की जा रही प्रगति पर निगरानी भी रखेंगे।

7.4 अवसरंचना के संबंध में यह ध्यान में रखा जाएगा कि निधियां केंद्रीय योजनाओं, राज्य योजनाओं, पीएमएजीवाई तथा एससीएसपी योजना के लिए एससीए से ली जा सकती हैं और उन्हें प्रपत्र IV में विनिर्दिष्ट किया जाएगा। पैरा 4.1 के अंतर्गत 3.4, 3.5, 3.8 और 3.9 में सूचीबद्ध 4 निगरानी योग्य संकेतकों के मामले में भी, प्रपत्र III-क, III-ख और V में ऐसे अंतर के कारण बताए जाएंगे।

7.5 प्रपत्र VI में निगरानी योग्य संकेतकों की स्थिति दर्शायी जाएगी। यदि, यह प्रारंभिक आवश्यकताओं के आकलन पर आधारित होगा, तो प्रपत्र VI निगरानी योग्य संकेतकों की बेसलाइन स्थिति को दर्शाएगा। जब-कभी भी आवश्यक होगा, सामाजिक-आर्थिक संकेतकों में सुधार लाया जाएगा और तद्नुसार प्रपत्र VI को अद्यतन किया जा सकेगा। यदि आवश्यकता पर आधारित आकलन प्रत्येक वर्ष किया जाता है, तो प्रपत्र VI को व्यापक रूप से अद्यतन किया जाएगा लेकिन इस दौरान प्रपत्र IV और प्रपत्र V में दर्शायी मासिक प्रगति के आधार पर इसे प्रत्येक माह अद्यतन किया जा सकेगा।

7.6 आवश्यकता पर आधारित आकलन, आंकड़ों को एकत्र करने, अंतर का विश्लेषण करने और वीडीपी तैयार करने की संपूर्ण कार्रवाई ग्राम पीएमएजीवाई अभिसरण समिति द्वारा की जाएगी। गांव की ग्राम सभा द्वारा विधिवत रूप से अनुमोदित वीडीपी जिला पीएमएजीवाई अभिसरण समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत की जाएगी। अनुमोदन देते समय जिला पीएमएजीवाई अभिसरण समिति यह सुनिश्चित करेगी कि वीडीपी एक सुदृढ़ योजना हो जिसमें गांव की अवसंरचनात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अन्य योजनाओं के साथ मिलकर पर्याप्त और उपयुक्त अभिसरण क्षमता हो और इसके परिणामस्वरूप निगरानी योग्य संकेतकों में बेहतर सुधार होगा। तत्पश्चात, इसे ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) का एक भाग बनाया जाएगा।

8. राज्यों और गांवों का चयनः

जनगणना, 2011 के अनुसार 46844 गांवों में 50 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति के लोगों की जनसंख्या है। ये गांव 25 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के 570 जिलों में अवस्थित हैं। 50 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति की आबादी वाले गांव में से केवल उन्हीं गांवों को जिनकी आबादी 500 तक होगी उन्हें इस योजना के अंतर्गत सर्वप्रथम अनुसूचित जाति की आबादी के घटते क्रम में चयन के लिए पात्र समझा जाएगा।

9. वित्त पोषण

9.1 केंद्र सरकार नए गांवों के लिए 21.00 लाख रुपए प्रति गांव की दर से धनराशि प्रदान करेगी, जिसमें से 20.00 लाख रुपए की राशि चयनित गांवों में "अंतर-पाटन" घटक के अंतर्गत कार्यकलापों के लिए निर्धारित की जाएगी, शेष 1.00 लाख रुपए प्रति गांव की राशि प्रशासनिक और अन्य खर्चों अर्थात तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण, जागरुकता सृजन, प्रचार आदि के लिए केंद्र, राज्य, जिला और गांव स्तर पर खर्च की जाएगी और केंद्रीय स्तर पर एमआईएस का विकास और रख-रखाव करने के लिए खर्च की जाने वाली राशि केंद्र, राज्य, जिला और गांव के स्तर पर 1:1:1:2 के अनुपात में वितरित की जाएगी। निधियों का वित्त पोषण पीएमएजीवाई के बजट से अथवा एससीएसपी के लिए एससीए योजना के अवसंरचनात्मक शीर्ष से अभिसरण मोड के माध्यम से किया जाएगा।

9.2 राज्य सरकारों से यह आशा की जाती है कि वे अन्य केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं और राज्य योजनाओं या राज्य के अंश में से अंतर-पाटन निधि की कम से कम तीन से चार गुना राशि का अभिसरण करे ताकि गांवों में आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

9.3 इसके अतिरिक्त, पूर्व चरणों में पहले से शामिल किए गए गांवों के निरंतर विकास के लिए, एससीएसपी के लिए एससीए योजना के अवसंरचनात्मक शीर्ष से प्रत्येक गांव के लिए 10 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि अभिसरण मोड में उपलब्ध कराई जाएगी। इसमें से प्रत्येक गांव के लिए 9.50 लाख रुपए की राशि "अंतर-पाटन" घटक के रूप में उपयोग में लाई जाएगी और प्रत्येक गांव के लिए 0.50 लाख रुपए की राशि प्रशासनिक और अन्य खर्चों के लिए 1:1:1:2 के अनुपात में केंद्र, राज्य, जिला और गांव के बीच वितरित की जाएगी।

10. निधियों का प्रवाह

10.1 केंद्र सरकार द्वारा राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को इस योजना के अंतर्गत दो किस्तों में वित्तीय सहायता जारी की जाएगी। पहली किस्त जो अनुमत्य अनुदान का 50 प्रतिशत तक होगी, उसे "अंतर-पाटन" निधि से क्षमता निर्माण, जागरुकता सृजन, आवश्यकता का आकलन करने, ग्राम विकास योजनाएं तैयार करने और अभिज्ञात आधारभूत कार्यों को शुरू करने के लिए चुने गए गांव के लिए तत्काल जारी किया जाएगा। प्रारंभ में राज्य सरकारें/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन क्षमता निर्माण, प्रशासनिक खर्चों, जागरुकता सृजन और गैर-लागत आधारित कार्यकलापों को शुरू करने के लिए जिला प्रशासनों को निधियां जारी करेंगे।

10.2 "अंतर-पाटन" घटक के अंतर्गत निधियां राज्य सरकार द्वारा जिला प्रशासन को जिला पीएमएजीवाई अभिसरण समिति द्वारा चयनित गांवों की वीडीपी का अनुमोदन करने के बाद जारी की जाएंगी। तत्पश्चात,

जिला प्रशासन ग्राम पंचायतों और संबंधित विभागों को वीडीपी के अंतर्गत अभिज्ञात आधारभूत कार्यों को निष्पादित करने के लिए जारी करेंगे।

10.3 योजना के अंतर्गत दूसरी किस्त जारी करने से पूर्व केंद्रीय स्तरीय छानबीन-एवं-निगरानी समिति द्वारा राज्य में इसके कार्यान्वयन का मूल्यांकन किया जाएगा। योजना में की गई उपयुक्त वास्तविक और वित्तीय प्रगति की उपलब्धि के बाद ही राज्य सरकारों को निधियां जारी की जाएंगी।

11. तकनीकी संसाधन सहायता

11.1 राष्ट्रीय स्तर पर, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास तथा पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडी एंड पीआर) हैदराबाद इस योजना के लिए तकनीकी संसाधन सहायता प्रदान करेगा।

11.2 इसी प्रकार, राज्य और जिला स्तरों पर, राज्य ग्रामीण विकास संस्थान (एसआईआरडी)/ एनआईआरडी एंड पीआर के विस्तार प्रशिक्षण केंद्र (ईटीसी) या राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा पता लगाए गए और चुने गए अन्य कोई प्रतिष्ठित संस्थान इस योजना के कार्यान्वयन के लिए तकनीकी संसाधन सहायता प्रदान करेंगे।

11.3 ये संस्थान, अन्य बातों के साथ-साथ, निम्नलिखित कार्य करेंगेः

1. राज्य सरकार के अधिकारियों और जिला स्तर के प्रमुख कार्यकर्ताओं के लिए अभिमुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम।
2. विभिन्न स्तरों के प्रमुख कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार करना।
3. सभी स्तरों पर योजना की प्लानिंग, कार्यान्वयन और निगरानी से जुड़े प्रमुख कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान करना।

12. प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण

पीएमएजीवाई के अंतर्गत चालू केंद्रीय और राज्य क्षेत्र की योजनाओं के कार्यान्वयन का अभिसरण करने के लिए गांवों की आवश्यकताओं की पहचान करना, पीएमएजीवाई गांवों के विकास के लिए सभी संगत केंद्रीय और राज्य क्षेत्र की योजनाओं की नियमित रूप से सूची तैयार करना और तद्नुसार वीडीपी तैयार करना आवश्यक होगा। अतः पीएमएजीवाई की योजना, कार्यान्वयन और निगरानी के लिए उत्तरदायी व्यक्तियों और निकायों द्वारा उपर्युक्त प्रत्येक योजना की बुनियादी विशिष्टताओं के बारे में स्पष्टता लाना आवश्यक है। राज्य सरकारें तकनीकी संसाधन सहायता प्रदान करने वाले संस्थानों की मदद से सभी स्तरों पर कार्यकर्ताओं को आवश्यक प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण से संबंधित कार्य करेंगी।

13. जागरुकता सृजन और प्रचार

राज्य सरकारें/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन इस योजना का व्यापक रूप से प्रचार करने के लिए चयनित गांवों और संबंधित ब्लॉकों और जिलों में सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) के माध्यम से जागरुकता का

सृजन करेंगी। इसके अतिरिक्त, स्वच्छता, स्वास्थ्य, पोषण आदि के विभिन्न सामाजिक-आर्थिक संकेतकों से संबंधित पहलुओं पर समाज में संदेश प्रसारित किए जा सकते हैं।

14. केंद्रीय और राज्य स्तर पर सलाहकार समितियां

14.1 योजना के बारे में पूर्ण मार्गदर्शन देने और निगरानी करने के लिए, केंद्रीय और राज्य स्तर पर सलाहकार समितियां गठित की जाएंगी। केंद्रीय सलाहकार समिति के अध्यक्ष केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री (एसजेएंडई) होंगे। राज्य सलाहकार समिति के अध्यक्ष राज्य सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री होंगे। इन समितियों में संबंधित मंत्रालयों/विभागों और निकायों के प्रतिनिधियों के अतिरिक्त उपयुक्त संख्या में जन प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। केंद्रीय और राज्य सलाहकार समितियों की संरचना **अनुबंध VII** में दी गई है।

14.2 सलाहकार समितियों की बैठक प्रत्येक तिमाही में एक बार परंतु वर्ष में कम से कम दो बार आयोजित की जाएगी और ये निम्नलिखित कार्य करेंगीः-

1. मुख्य नीतिगत मुद्दों को हल करना और योजना के कार्यान्वयन में अभिसरण सुनिश्चित करना।
2. योजना के कार्यान्वयन पर निगरानी रखना, और
3. समय समय पर कार्यान्वयन संबंधी अनुपूरक दिशा-निर्देश जारी करना।

15. केंद्रीय और राज्य स्तर पर संचालन सह मॉनीटरिंग समितियां

15.1 केंद्रीय और राज्य सरकारों के स्तर पर संचालन सह मॉनीटरिंग समितियां गठित की जाएंगी जो निम्नलिखित कार्य करेंगीः-

1. मुख्य नीतिगत मुद्दों को हल करना और योजना के कार्यान्वयन में अभिसरण सुनिश्चित करना।
2. योजना के कार्यान्वयन पर निगरानी रखना, और
3. समय समय पर कार्यान्वयन संबंधी अनुपूरक दिशा-निर्देश जारी करना।

15.2 केंद्रीय और राज्य संचालन सह मॉनीटरिंग समितियों की संरचना **अनुबंध VIII** में दी गई है। इनकी बैठकें प्रत्येक तिमाही में एक बार परंतु वर्ष में कम से कम दो बार आयोजित की जाएंगी।

16. राज्य, जिला और ग्राम स्तर पर पीएमएजीवाई अभिसरण समितियां

16.1 पीएमएजीवाई अभिसरण समितियां इस योजना के सफल कार्यान्वयन में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगी। यह समितियां ये सुनिश्चित करेंगी कि पीएमएजीवाई धनराशियों से अंतर पाटने का प्रयोजन सिद्ध किया जाए जबकि अवसंरचना की परिपूर्णता और सामाजिक-आर्थिक संकेतकों में सुधार विभिन्न केन्द्रीय और राज्य योजनाओं का अभिसरण करके किया जाता है।

16.2 अभिसरण समितियां यह भी सुनिश्चित करेंगी कि आवश्यकता संबंधी मूल्यांकन प्रपत्र-I, II, III-क और III-ख के अनुसार किया जाए और यह कि कार्य योजना एवं प्रगति रिपोर्टों की निगरानी प्रपत्र IV, V

और VI तथा प्रपत्र VII और VIII के अनुसार की जाए। संक्षेप में, अभिसरण समितियां योजनाओं के कार्यान्वयन एवं उनकी निगरानी दोनों के लिए उत्तरदायी होंगी।

16.3 राज्य पीएमएजीवाई अभिसरण समिति के अध्यक्ष सामाजिक कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव होंगे और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी इसके सदस्य होंगे, जिनके साथ इस योजना के अंतर्गत अभिसरण की आवश्यकता होगी। इसी प्रकार, जिला पीएमएजीवाई अभिसरण समिति की अध्यक्षता जिला कलेक्टर करेंगे और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी इसके सदस्य होंगे।

16.4 ग्राम पीएमएजीवाई अभिसरण समितियों के अध्यक्ष, ग्राम सरपंच होंगे और पंचायत के सभी अनुसूचित जाति के सदस्य एवं संबंधित संस्थाओं के अधिकारीगण, यथा एडब्ल्यूडब्ल्यू, आशा वर्कर्स आदि इसके सदस्य होंगे। यह समिति आवश्यकता संबंधी मूल्यांकन करने, बेसलाइन आंकड़े एकत्र करने, वीडीपी तैयार करने तथा गांव में योजना का कार्यान्वयन एवं निगरानी करने के लिए उत्तरदायी होगी। ग्राम पंचायत में अनुसूचित जाति का एक सदस्य इस समिति की सहायता करेगा और वह इस समिति का सदस्य सचिव होगा।

16.5 तीन अभिसरण समितियों का गठन अनुबंध-IX के अनुसार किया जाएगा। राज्य स्तरीय अभिसरण समिति एक तिमाही में एक बार बैठक करेगी, किन्तु जिला एवं ग्राम स्तरीय अभिसरण समितियां महीने में एक बार बैठक करेंगी ताकि योजना का सुगम निष्पादन सुनिश्चित हो सके।

17. विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रम निदेशक

17.1 केन्द्रीय और राज्य स्तरीय संचालन-सह-निगरानी समितियों के सदस्य सचिव क्रमश: राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरों पर कार्यक्रम निदेशक पीएमएजीवाई, के रूप में कार्य करेंगी। इसी प्रकार, जिला कलेक्टर, जिला स्तर पर कार्यक्रम निदेशक होंगे और एडीएम स्तर का एक अधिकारी अथवा जिला पंचायत/जिला परिषद का सीईओ उनकी सहायता करेगा। ग्राम स्तर पर, सरपंच कार्यक्रम निदेशक होगा। कार्यक्रम निदेशक, योजना का सफल कार्यान्वयन करने और अगले पैरा 18 में निर्धारित समय सीमा के अनुसार इसका कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी होंगे।

18. समय-सीमा

18.1 पीएमएजीवाई निधियों का उपयोग करने की समय सीमा, नए गांव के लिए धनराशियां जारी करने की तारीख से **दो** वर्ष होगी और वित्तपोषण के अतिरिक्त चक्र के अंतर्गत गांवों के लिए **एक** वर्ष होगी। तथापि, अभिसरण संबंधी कार्यान्वयन सभी चुनिंदा गांव में कम से कम और तीन वर्षों तक जारी रहेगा ताकि बुनियादी 'आदर्श ग्राम' संबंधी उद्देश्य प्राप्त किया जा सके और निगरानी योग्य संकेतकों में स्थायित्व एवं सुधार लाए जा सके।

19. निगरानी तंत्र : प्रगति रिपोर्टों का प्रस्तुतीकरण, निगरानी, प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस), मूल्यांकन एवं सामाजिक लेखा-परीक्षा।

19.1 जिला स्तर पर कार्यक्रम निदेशक प्रपत्र IV, V और VI के अनुसार प्रत्येक चुने हुए गांव में मासिक प्रगति रिपोर्टें (एमपीआर) प्रस्तुत करने के लिए जिम्मेदार होंगे। इसके अलावा, जिला पीएमएजीवाई कार्यक्रम निदेशक प्रपत्र VII के अनुसार एमपीआर प्रस्तुत करेगा जबकि राज्य पीएमएजीवाई कार्यक्रम निदेशक प्रपत्र VIII के अनुसार एमपीआर प्रस्तुत करेगा। I से VIII तक, सभी प्रपत्र अनुबंध-X में दिए गए हैं।

19.2 इस योजना के अंतर्गत विभिन्न स्तरों पर कार्य निष्पादन की समीक्षा समय-समय पर विभिन्न समितियों द्वारा की जाएगी।

19.3 एक कारगर और केन्द्रीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) स्थापित की जाएगी, जो निगरानी योग्य संकेतकों के बेसलाइन मूल्यों सहित चुने हुए गांव के कंप्यूटरीकृत आंकड़े एकत्र करेगी। पीएमएजीवाई हस्तक्षेप शुरू होने के पश्चात् इन संकेतकों में सुधार की निगरानी आवधिक रूप से की जाएगी। यह एमआईएस विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत योजनाबद्ध कार्रवाई के कार्यान्वयन में हुई प्रगति की निगरानी करने के लिए भी प्रयोग में लाई जाएगी जिसका अभिसरण संबंधी कार्यान्वयन गांव में किया जाना है और साथ ही 'अंतराल पाटने' संबंधी संघटक के अंतर्गत गतिविधियों को हाथ में लिया जाएगा।

19.4 एमआईएस के विकास और कार्यान्वयन पर व्यय इस योजना के अंतर्गत प्रदत्त "प्रशासनिक व्यय" से निम्नलिखित मदों पर किया जाएगा :-

1. योजना के लिए उचित एमआईएस का विकास।
2. समुचित कौशल वाली जनशक्ति को अल्पावधि संविदा पर नियुक्त करना ताकि एमआईएस का परिचालन किया जा सके।
3. नितांत आवश्यक होने पर इंटरनेट कनेक्टिविटी सहित कंप्यूटर सुविधाओं की व्यवस्था।

19.5 इस योजना का स्वतंत्र मूल्यांकन, ग्रामीण विकास अथवा समाज विज्ञान अथवा प्रबंधन आदि के क्षेत्र में कार्यरत प्रतिष्ठित संस्थानों के माध्यम से किया जाएगा।

19.6 ग्राम सभा उसी तरह से पीएमएजीवाई की सामाजिक लेखा-परीक्षा करेगी जिस तरह से राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 की धारा 17 के अंतर्गत लेखा-परीक्षा अपेक्षित होती है।

20. सर्वोकृष्ट निष्पादनकारी गांव को राज्य और राष्ट्र स्तरीय पुरस्कार

राज्यों को अपने-अपने राज्य में समग्र रूप से योजना का कार्यान्वयन करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु, प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र से (प्रत्येक 50 चुने गए गांवों के लिए एक गांव) सर्वोकृष्ट निष्पादनकारी तीन गांवों को मंत्रालय द्वारा गठित की जाने वाली नामित चयन समिति द्वारा परिभाषित पैरामीटरों के आधार पर चुना जाएगा। इस प्रयोजनार्थ, चुने गए गांवों को प्रत्येक को पांच-पांच लाख रुपए की राशि पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी। इसके अलावा, इन गांवों में से 03 गांवों को दस-दस लाख रुपए के राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चुना जाएगा।

******

<u>अनुबंध-I</u>

(पैरा 1.2 का संदर्भ लें)

अनुसूचित जातियों के लिए संवैधानिक प्रावधान

संविधान का भाग	क्रम सं.	अनुच्छेद	अनुच्छेद का संक्षिप्त प्रावधान
(1)	**(2)**	**(3)**	**(4)**
III.मूल अधिकार	**सामाजिक सुरक्षोपाय**		
	1	17	अस्पृश्यता का अंत
	2	25(2)(ख)	सार्वजनिक प्रकार की हिन्दुओं की धार्मिक संस्थाओं को हिन्दुओं के सभी वर्गों और अनुभागों के लिए खोलना ।
	शैक्षिक, आर्थिक और नियोजन से संबंधित सुरक्षोपाय		
	3	15(4) और (5)	सामाजिक और शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े वर्गों, अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों की उन्नति के लिए शैक्षिक संस्थाओं में प्रवेश सहित विशेष उपबंध ।
	4(i)	16(4)	अनुसूचित जातियों सहित पिछड़े वर्गों के पक्ष में सार्वजनिक सेवाओं में नियुक्तयों एवं पदों का आरक्षण ।
	(ii)	16(4क)	सार्वजनिक सेवाओं में प्रोन्नति के मामलों में आरक्षण ।
	(iii)	16(4ख)	बैकलॉग रिक्तियों को अलग वर्ग की रिक्तियों के रूप में माना जाएगा और इन्हें 16(4) और 16(4क) के उद्देश्यों के लिए 50% की सीमा के अंतर्गत शामिल नहीं किया जाएगा ।
IV. राज्य की नीति के निर्देशक तत्व	5	46	**"अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य दुर्बल वर्गों के शिक्षा और अर्थ संबंधी हितों की अभिवृद्धि - राज्य, जनता के दुर्बल वर्गों के, विशिष्टतया, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के शिक्षा और अर्थ संबंधी हितों की विशेष सावधानी से अभिवृद्धि करेगा और सामाजिक अन्याय और सभी प्रकार के शोषण से उनकी संरक्षा करेगा ।**
	राजनैतिक सुरक्षोपाय		
XVI. कुछ वर्गों के संबंध में विशेष उपबंध	6	330	लोक सभा में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए स्थानों का आरक्षण ।
	7	332	राज्यों की विधान सभाओं में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए स्थानों का आरक्षण ।
IX. पंचायतें	8	243घ	पंचायतों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए स्थानों का आरक्षण ।

IXक. नगर पालिकाएं	9	243न	नगर पालिकाओं में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए स्थानों का आरक्षण ।
	सुरक्षोपायों के मॉनीटरिंग हेतु एजेंसी		
XVI. कुछ वर्गों के संबंध में विशेष उपबंध	10	338	राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग

<u>अनुबंध-II</u>
(पैरा 1.3 का संदर्भ लें)

अनुसूचित जातियों के लिए कल्याणार्थ सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की योजनाओं की सूची

✓ **<u>शैक्षिक विकास संबंधी योजनाएं</u>**

- सफाई और स्वास्थ्य के लिए घातक व्यवसाय में लगे व्यक्तियों के बच्चों के लिए मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति
- कक्षा IX और X में अध्ययनरत अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति
- अनुसूचित जाति के छात्रों (पीएमएस-एससी) के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति
- अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए "उच्च श्रेणी शिक्षा" हेतु छात्रवृत्ति
- अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए राष्ट्रीय ओवरसीज छात्रवृत्ति
- अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए राष्ट्रीय फेलोशिप
- एससी और ओबीसी छात्रों के लिए नि:शुल्क कोचिंग योजना
- बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजना (बीजेआरसीवाई)

✓ **<u>आर्थिक विकास संबंधी योजनाएं</u>**

- अनुसूचित जातियों के कल्याणार्थ (एडब्ल्यूएससी) निधियों का आवंटन
- अनुसूचित जाति उप योजना (एससीएसपी) के लिए विशेष केन्द्रीय सहायता (एससीए)
- हाथ से मैला साफ करने वाले व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए स्वरोजगार योजना
- राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम (एनएसएफडीसी) द्वारा संचालित योजनाएं
- राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम (एनएसकेएफडीसी) द्वारा संचालित योजनाएं
- डॉ. अम्बेडकर प्रतिष्ठान द्वारा संचालित योजनाएं
- राज्य अनुसूचित जाति विकास निगम (एससीडीसी) द्वारा संचालित योजनाएं
- अनुसूचित जातियों के लिए ऋण वृद्धि गारंटी योजना
- अनुसूचित जातियों के लिए उद्यम पूंजी निधि

✓ **<u>सामाजिक सशक्तिकरण संबंधी योजनाएं</u>**

- सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचर निवारण) अधिनियम, 1989 के कार्यान्वयन संबंधी योजना ।
- अनुसूचित जातियों के कल्याणार्थ कार्यरत स्वैच्छिक संगठनों को सहायता ।

<u>अनुबंध-III</u>
(पैरा 1.3 देखें)

विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले अनुसूचित जातियों के लिए संगत अन्य मंत्रालयों के महत्वपूर्ण कार्यक्रम

क्रम सं.	संबंधित मंत्रालय/विभाग	कार्यक्रम का नाम
1.	पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय	राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम
		स्वच्छ भारत मिशन
2.	मानव संसाधन विकास मंत्रालय	समग्र शिक्षा और मिड-डे-मील (एमडीएम)
		राष्ट्रीय साक्षरता मिशन (एनएलएम)
3.	स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय	राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन
		मिशन इंद्रधनुष
		आयुषमान भारत स्कीम (प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजएवाई)
		जननी सुरक्षा योजना
4.	ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय	राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी)
		प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) (पीएमएवाई-जी)
		प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई)
		दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय आजीविका मिशन (एनआरएलएम) (डीएवाई-एनआरएलएम)
		महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एमजीएनआरईजीए)
5.	विद्युत मंत्रालय	दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाई)
		प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य)
		बाय अफोरडेबल एलईडी एंड अप्लाएंसेज फॉर ऑल (उजाला)
6.	पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय	प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना

7.	वित्त मंत्रालय	प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई)
		प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई)
		प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई)
8.	कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय	प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई)
9.	कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय	सायल हेल्थ कार्ड स्कीम
		राष्ट्रीय कृषि विकास योजना
		राष्ट्रीय बागवानी मिशन
		पूर्वोत्तर क्षेत्र में एकीकृत उद्यान कृषि विकास हेतु प्रौद्योगिकी मिशन (टीएमएनई)
10.	इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय	पीएमजी-दिशा और सामान्य सेवा केन्द्र
11.	संचार मंत्रालय	टेलीकॉम कनेक्टिविटी/भारत नेट/पोस्टल बैंकिंग
12.	महिला एवं बाल विकास मंत्रालय	समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस)
13.	श्रम एवं रोजगार मंत्रालय	बाल और महिला श्रम को सहायता अनुदान
		कौशल विकास पहल
		क्रॉफ्टमेन ट्रेनिंग स्कीम
		एप्रेन्टिशिप ट्रेनिंग स्कीम
14.	जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय	त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (एआईबीपी)
		जल निकायों की मरम्मत, नवीकरण और पुनःस्थापन (आरआरआर)
15.	भू-संसाधन विभाग	समेकित जल संभर विकास कार्यक्रम
16.	सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय	प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम
17.	पंचायती राज मंत्रालय	पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि
18.	नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय	राष्ट्रीय बायोगैस एवं उर्वरक प्रबंधन कार्यक्रम
		सौर्य ऊर्जा कार्यक्रम
19.	बैंक	प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण
		विभेदी ब्याज दर योजना

<u>अनुबंध-IV</u>

(पैरा 1.4 का संदर्भ लें)

समग्र जनसंख्या की तुलना में अनुसूचित जातियों का विकास स्तर (प्रतिशत में)

	संकेतक (सूचना और संदर्भित वर्ष के स्रोत सहित)	**लक्ष समूह के घटक**	**अनुसूचित जातियां**	**कुल**
I. शैक्षिक विकास	साक्षरता दर (जनगणना, 2011)		66.1	73.0
	सकल नामांकन अनुपात (चयनित शैक्षिक सांख्यिकी, मानव संसाधन विकास मंत्रालय 2006-07)	प्राथमिक उच्च प्राथमिक माध्यमिक उच्चतर शिक्षा	123.7 75.6 38.8 9.35	111.2 73.6 40.6 12.4
	बीच में पढ़ाई छोड़ने की दर (चयनित शैक्षिक सांख्यिकी, मानव संसाधन विकास मंत्रालय 2006-07)	कक्षा I-V कक्षा I-VIII कक्षा I-X	36.0 53.0 69.0	25.4 46.0 59.9
II. स्वास्थ्य एवं पोषण	शिशु मृत्यु (एनएफएचएस 2005-06)		50.7	41.5
	मातृ मृत्यु (एनएफएचएस 2005-06)		-	301
	संस्थानिक प्रसव (एनएफएचएस 2005-06)		32.9	51.0
	बच्चों का पूर्ण टीकाकरण (एनएफएचएस 2005-06)		39.7	53.8
	रक्त अल्पता वाली महिलाओं की प्रतिशतता (एनएफएचएस 2005-06)		58.3	51.3
